Title: Need to take action on damaging Guru Ram Das Academy at Rajpur near Dehradun by the miscreants due to the proposal of exclusion of Uddham Singh Nagar in the proposed State of Uttranchal.

प्रो. प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (पटियाला) : अध्यक्ष महोदय, कल कुछ शरारती लोगों ने देहरादून के नजदीक राजपुर में गुरू रामदास अकादमी को तोड़ा। वहां ७००-८०० लोग चले गए। वहां गढ़वाल शिक्षक संघ के लोगों ने बैनर लगा दिया और कहा कि आप उत्तरांचल में ऊधमसिंह नगर को मिलाने नहीं देते इसलिए हम यहां कोई अकादमी नहीं चलने देंगे। पंजाब के जो स्टुडेंटस अंदर थे उनको लॉक लगाकर वहां की मैनेजमेंट ने संभाल कर रखा। वहां पेरेंटस जा नहीं सकते। सबसे शर्म की बात यह है कि वहां १२ घंटे किसी ने एफआईआर नोट नहीं की और शरारती लोगों को किसी ने नहीं पकड़ा। स्टेटसमैन में आया है कि होली गुरू ग्रंथ साहब, जिसको सिख अपना गुरू मानते हैं उसको भी डेमेज़ किया गया।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि शरारती लोगों को पकड़ा जाए और पार्लियामेंट की एक कमेटी बना कर वहां भेजी जाए तथा जिन लोगों ने शरारत की है उनको सजा दी जाए। हम इस देश के नागरिक हैं, हमारे साथ अगर ऐसा सलूक किया जाएगा तो हमसे बर्दाश्त नहीं हो सकेगा। कुछ लोग शरारत करके देश में अफरा-तफरी फैलाना चाहते हैं, देश को तोड़ना चाहते हैं। ऐसे लोगों ने पहले भी देश का माहौल खराब किया था। सरकार इसको गंभीरता से ले। उन शरारती लोगों को अंदर किया जाए। आज ही सरकार की ओर से बयान आना चाहिए कि सरकार इस पर क्या सोचती है?

... (व्यवधान)

श्री मदन लाल खुरानाः अध्यक्ष महोदय, आज सुबह ही सरदार राजा सिंह जी मुझ से इस केस के बारे मिले था, जो इस स्कूल के मालिक हैं। मामला काफी गंभीर है। ... (व्यवधान)

महोदय, मेरा यह कहना है कि वह मुझे सुबह साढ़े नौ बजे मिले। मामले की गंभीरता को देखते हुए मैं स्वयं साढ़े ११ बजे होम मिनिस्टर साहब से मिला, उन्हें सारी स्थिति बताई। जिन लोगों के साथ ऐसा हुआ है उनके डेलीगेशन को मैंने होम मिनिस्टर साहब के साथ एक बजे का एपाइंटमेंट लेकर दिया। उन्होंने बात कर ली होगी। मुझे उन्होंने आश्वासन दिया है कि इस बारे में सख्त कार्यवाही की जाएगी।

... (व्यवधान)